Title: Need to fix procurement price of `Amla' for the benefit of Amla growers specially in district Pratapgarh, Uttar Pradesh.

उपाध्यक्ष महोदय : श्री चन्द्रनाथ सिंह जी, आंवला के विाय में पिछले हफ्ते आपने बात उठाई गई है। आप संक्षिप्त में अपनी बात कह दीजिए।

श्री चन्द्रनाथ सिंह : महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि प्रतापगढ़ जनपद, उत्तर प्रदेश में आंवला सड़ रहा है। किसान भुखमरी के कगार पर है और आत्म-हत्या करना चाहते हैं। पूरे हिन्दुस्तान में या यूं कहिए कि पूरे विश्व में सबसे ज्यादा आंवला प्रतापगढ़ में पैदा होता है। प्रतापगढ़ में किसानों के पास गेहूं या धान पैदा करने के लिए खेती नहीं है। सभी किसान आंवला की खेती पर निर्भर करते हैं। लेकिन सरकार उनको सहयोग नहीं दे रही है। मैं आपके माध्यम से सरकार से आश्वासन चाहता हूं कि वह प्रतापगढ़ में आंवले की फूड-प्रोसैसिंग के लिए फैक्ट्री लगाए. क्योंकि बाजार में आंवला नहीं बिक रहा है या रेल सुविधा प्रदान करे, जिससे आंवले के उत्पादन को बेचा जा सके। किसानों के उनके उत्पादन आंवले के दाम नहीं मिल रहे हैं। मैं यह भी जानना चाहता हूं, क्या सरकार किसानो के आंवले का सपोर्ट-प्राइस देगी?

उपाध्यक्ष महोदय : आप अपनी बात समाप्त करिए।

श्री चन्द्रनाथ सिंह : मंत्री जी सदन में उपस्थित हैं। मैं सरकार से आश्वासन चाहता हूं या यह सरकार किसान विरोधी सरकार है। किसानों के लिए कुछ नहीं करना चाहती है। â€¦ (व्यवधान)